पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

चर्चा में क्यों?

- 24 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 9 वंदेभारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन भी शामिल थी। पटना जंक्शन पर भी उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिदु

- पटना से हावड़ा के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेन दो राज्यों को जोड़ेगी। वहीं बिहार में चलने वाली यह दूसरी वंदेभारत ट्रेन है।
- पटना-हावड़ा वंदे भारत अपने पहले सफर पर पटना के प्लेटफॉर्म नंबर 1 से रवाना हुई । पहले दिन वह उद्घाटन स्पेशल बनकर हावड़ा गई।
- इस ट्रेन की कमान दो महिला लोको पायलटों को सौंपी गई थी।
- 26 सितंबर से इसका नियमित परिचालन होगा। ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। इस ट्रेन में कुल आठ कोच हैं।
- वंदे भारत ट्रेन का ठहराव पटना साहिब, मोकामा, लक्खीसराय, जसीडीह, जामताड़, आसनसोल, दुर्गापुर, हावड़ा पर रहेगा।
- पटना से हावड़ा की दूरी तय करने में इस ट्रेन को जनशताब्दी से एक घंटे कम समय लगेगा।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patna-howrah-vande-bharat-train-flagged-off